**व्यवस्था:** नालियों से निकल रहे प्लास्टिक कचरे पर नपा ने जताई चिंता

## बारिश से पहले शहर की छोटी बड़ी नालियों की सफाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में बारिश पूर्व छोटी-बड़ी नालियों की सफाई की जा रही है। सफाई में निकल रहा अधिकतर कचरा प्लास्टिक का निकल रहा है। सिंगल यूज पॉलीथीन और डिस्पोजल को लेकर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों ने इस समस्या को गंभीर बताया है।

बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने बारिश पूर्व की जा रही नालियों की सफाई का सुबह विभिन्न स्थानों में सिर्फ पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही सुपरवाइजर और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सर्वप्रथम उन्होंने स्वामी चौक के समीप नालियों की सफाई का जायजा लिया। बाद में बिठोबा टाकीज में वार्ड पार्षद रिंकू तारेंद चंद्राकर के साथ वार्ड 1 में उस स्थान में सफाई का निरीक्षण किया, जहां बारिश के दिनों में जलजमाव की स्थिति होती है। बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधे सितली नाला पहुंचे। मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर से जानकारी ली कि उक्त नाले से पानी कहा जाता है। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि बारिश शुरू होते ही जल जमाव वाले स्थलों पर मोटर पंप से पानी खींचने की व्यवस्था भी रखें, ताकि जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने नालियों के उपर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।



### नालियों में न डाले कचरा

सीएमओ लवकेश कुमार ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाले कचरा को सीधे नालों या नालियों में न डालें, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग दें। इस दौरान उनके साथ स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, जीतू सोनी, गोपाल सोना आदि मौजूद रहे।

### सिस्टम व्यवस्थित नहीं, इसलिए परेशानी

सीएमओ को सुपरवाइजर जीतू सोनी ने बताया कि क्षेत्र में 80 फीसद नालियों की सफाई कराई जा चुकी है। शहरी क्षेत्र में सिस्टमेटिक इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। कई जगहों पर नालियों का स्लोप ऊपर-नीचे है, जिसके कारण अत्यधिक बारिश की स्थिति में पानी का तेजी से बहाव नहीं हो पाता। कुछ जगहों पर ऐसी स्थिति है कि जिस जगह पर नाली का निर्माण कराया गया है, वहां पर पचास- सौ मीटर की दूरी तक मकान-ही मकान बने हए हैं। इस कारण उस जगह पर नाली की सफाई कराने में परेशानी होती है।

## गांजा का अवैध परिवहन, दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 9 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि नेशनल हाईवे 53 में ग्राम रेहटीखोल के पास आरोपी राजकुमार रघुवंशी पिता रामसिंग रघुवंशी (25 साल) निवासी राथ थाना नई सराय जिला अशोक नगर मध्य प्रदेश, बुंदेलाल आयाम पिता देवशरण सिंह (31 साल) निवासी कोडीमर थाना थरगांव जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को बिना नंबर की स्कूटी से गांजा का अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 9 किलो गांजा कीमत 1,35,000 रुपए को जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## गड़बड़ी की शिकायत और पद से हटाए जाने की मांग के बावजूद कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरौद सरपंच के खिलाफ की गई शिकायत के बावजूद प्रशासनिक कार्रवाई नही किए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

कलेक्टर सहित एसपी, स्थानीय विधायक, सीईओ जिपं, सहित अन्य अफसरों को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि विकास खण्ड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरौद के सरपंच श्रीमती सुलोचना पटेल द्वारा अपने ससुर बलेदव पटेल के साथ मिलकर पंचायत के राशि का जमकर गड़बड़ी की गई है। इस संबंध में ओमप्रकाश पटेल एवं दलभजन पटेल निवासी ग्राम लोहरीनडोंगरी, ग्रापं पिपरौद के द्वारा 18 मार्च को कलेक्टर के समक्ष शिकायत की जा चुकी है। साथ ही ग्राम पंचायत पिपरौद के सरपंच श्रीमती सुलोचना पटेल को पंचायत राज अधिनियम धारा 40 के तहत पद से बर्खास्त करने 8 अप्रैल को एसडीएम (राजस्व) पिथौरा के समक्ष रामप्रकाश पटेल के द्वारा मांग की जा चुकी है।

**पिपरौद के ग्रामीणों ने दी चेतावनी, कार्रवाई नहीं तो होंगे आंदोलन को बाध्य**

दोनों शिकायत आवेदन पर प्रशासन द्वारा सरपंच श्रीमती सुलोचना पटेल के विरूद्ध जानबूझकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा है कि दो सप्ताह के भीतर जांच एवं कार्रवाई की किया जावे अन्यथा ग्राम पंचायत पिपरौद के ग्रामवासी 05 जुलाई शुक्रवार से जनपद पंचायत पिथौरा के सामने शांति पूर्ण अनिश्चित कालीन धरना देंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## शराब के नशे में दम घुटने से युवक की मौत

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र से शराब के नशे में दम घुटने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 18 जून को शाम करीब 5 बजे रमेश कोल पिता रामप्रसाद कोल (35 साल) निवासी वार्ड नं. 11 बिबुरी शहडोल (मध्य प्रदेश) की मरच्युरी के जंगल के पास पेड़ के नीचे खेत में शराब के नशे में दम घुटने से मौत हो गई। घटना सम्बन्धी सूचना भास्कर स्वाई पिता सौरी स्वाई (50 साल) निवासी पदमपुर हाल मुकाम बेलसोंडा ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969








## उड़ेला में जमीन बंटवारे के नाम पर चार लोगों ने युवक से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम उड़ेला में जमीन का बंटवारा मांगने पर पिता और भैया ने पड़ोसियों को बुलाकर मारपीट करने के मामले पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 16 जून को रात्रि करीबन 7 से 7:30 बजे करीबन टिकेश्वर सोनी अपने पिताजी एवं भैया से अपने हक की जमीन का बंटवारा मांगा तो उसके पिताजी शंभू सोनी एवं बड़े भैया टिकेलाल सोनी ने टिकेसर के साथ गाली गलौज कर जाने से मारने की धमकी दिया और पड़ोसी जमुना प्रसाद एवं जनकलाल रात्रे को बुलाकर घर के सामने रोड में चारों ने मिलकर टिकेसर को डंडे से मारा। जिससे उसके पीठ, दोनों हाथ, कमर, बाएं जांघ व अन्य जगहों में चोट लगी है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी शंभू सोनी, टिकेलाल सोनी, जमुना प्रसाद तथा जनकलाल रात्रे के खिलाफ 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध कायम किया है।




## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :- NSDC पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

........................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम........................
2. पिता/पति का नाम........................
3. जन्म तिथि अंकों में........................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित........................
1. मो........................2. मो........................व्हाट्सएप नंबर........................
6. शैक्षणिक योग्यता,........................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

**खबर संक्षेप**

### महिला ने खेत में लगाई फांसी

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जबलपुर के खेत में एक महिला ने फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि 13 जून को दोपहर करीब 3 बजे कौशिल्या सिदार पति मोहर सिंह सिदार 53 साल निवासी कुदारीदादर ने ग्राम जबलपुर के खेत में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सुचना मृतका के पति मोहर सिंह ने घटना की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र में थूंकने की बात को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की घटना हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी टिक्कू ठाकुर निवासी भिलाईदादर ने मुझे देखकर थूक रहा है कहते हुए प्रार्थी नेहरू साहू पिता हेमलाल (30 साल) के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### ग्रामीण से चार लोगों ने की 3 लाख की ठगी

**महासमुंद।** स्वजातीय लड़की बताकर एक लड़की से शादी कराते हुए 4 लोगों ने 3 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामला बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम जोगीदादर का है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जोगीदादर के हेमकुमार चौधरी पिता अमृतलाल चौधरी (34 साल) ने पुलिस को बताया कि 25 से 27 फरवरी के बीच आरोपी सुदामा पटेल पिता बरतराम पटेल निवासी ग्राम बड़े घोटला सारंगढ़ जिला रायगढ़ के साथ तीन अन्य लोगों ने मिलकर लड़की को स्वजातीय बताते हुए धोखे से उसके साथ मेरी शादी करा दी। वहीं आरोपी 3 लाख रुपए, लड़की द्वारा पहने सोने-चांदी के गहने के साथ मोबाइल लेकर भाग गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 406, 34 के तहत जुर्म दर्ज करते हुए जांच विवेचना शुरू कर दी है।

# फ्रीज किए खातों से पैसे की हेराफेरी, पिरदा जिला सहकारी बैंक संदेह के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जाड़ामुड़ा धान खरीदी फर्जीवाड़ा में को-

- पुलिस ने अब तक नहीं की है कोई गिरफ्तारी

आपरेटिव बैंक पिरदा की भी मिलीभगत सामने आने से हड़कंप मच गया है। फर्जीवाड़े में शामिल लोगों के फ्रीज किए गए खाते को प्रशासन की अनुमति बगैर अनहोल्ड कर 25 लाख रुपए दूसरे व्यक्ति के खाते ट्रांसफर कर दिए। आरोपित किसानों के होल्ड अकाउंट निलंबित बीएम शिवनाथ पटेल और यहां पदस्थ अकाउंटेंट उसत प्रधान के आइडी से अनहोल्ड हुए थे। जाहिर है कि जाडामुड़ा कांड के आरोपियों की पकड़ बैंक व प्रशासन में कितनी गहरी है, क्योंकि बैंक अधिकारी खाता अनहोल्ड करने कलेक्टर तक की सहमति लेना आवश्यक नहीं समझ रहा है। इस मामले में प्रशासनिक पक्ष सामने नही आया है।

**यह है पूरा मामला**

वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में प्रदेश का सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा जिले के पिथौरा ब्लाक के जाड़ामुड़ा खरीदी केंद्र में उजागर हुआ है। यहां जांच में सामने आया कि फर्जी रकबे में करोड़ों की धान खरीदी फर्जी तरीके से की गई। सेवा सहकारी समिति जाड़ामुड़ा के तत्कालीन प्रबंधक उमेश भोई, दो कंप्यूटर आपरेटर मनोज प्रधान, मनीष प्रधान और 18 किसानों ने मिलकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया।जांच के अनुसार इन्होंने शासन से करोड़ों रुपये का चूना लगाया है। इस मामले में तत्कालीन प्रबंधक, दोनों कंप्यूटर आपरेटर और 18 किसान शामिल हैं। इसमें से छह लोग एक ही परिवार के हैं, जिसमे ईश्वर, संतलाल, दासरथी, निराकार, मनोहर और मनोज हैं। इसमें पिरदा बैंक में कार्यरत एक स्टाफ का इन आरोपियों से पारिवारिक संबंध है। होल्ड खाते को अनहोल्ड कराकर फंड ट्रांसफर कराने में इस कर्मचारी की भूमिका बताई जा रही है, जो जांच का विषय है।

**जिला प्रशासन ने होल्ड कराया है खाता**

जाड़ामुड़ा धान खरीदी फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मामले की जांच कराई। शुरुआती जांच में ही भारी गंभीर तथ्य सामने आया। फर्जीवाड़े की गंभीरता को देखते हुए इसमें शामिल किसानों के बैंक खातों की जांच कर जिला प्रशासन ने होल्ड करवाया था, लेकिन को आपरेटिव बैंक पिरदा के कर्मचारियों ने होल्ड खाते को जिला प्रशासन की बिना अनुमति के न केवल अनहोल्ड किया, बल्कि 25 लाख रुपये ट्रांसफर करने का दुस्साहस किया। उक्त राशि आरटीजीएस किए जाने की जानकारी पर जिला प्रशासन ने संबंधित धारक के खाते से 25 लाख को रिवर्स उसी खाते में जमा करवाया है। इस मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस ने फरार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में असफल रही है। साथ ही अन्य आरोपियों की धरपकड़ पर भी ध्यान नहीं दिया। आरोपियों के स्वजनों को नोटिस देकर थाने बुलाने और पूछताछ का प्रयास भी नहीं हुआ।

**पारिवारिक कनेक्शन के चलते बैंक से पैसे की हेराफेरी**

स्थानीय लोगों ने बताया कि को आपरेटिव बैंक पिरदा में उसत प्रधान अकाउंटेंट है, जो धान खरीदी फर्जीवाड़े में शामिल संतलाल परिवार का दामाद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि होल्ड खाते को अनहोल्ड करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। वीवीआर (वाउचर वेरिफिकेशन रिपोर्ट) से इसका पता लगाया जा सकता है। सेवा सहकारी समिति जाड़ामुड़ा में दो कंप्यूटर आपरेटर थे, जिसमें से एक मनोज प्रधान फर्जीवाड़े में शामिल संतलाल लाल प्रधान का भतीजा है, जो अभी फरार है। वहीं दूसरा कंप्यूटर आपरेटर मनीष प्रधान को आपरेटिव बैंक पिरदा में पदस्थ अकाउंटेंट उसत प्रधान का भतीजा है। वह भी फरार है। कोआपरेटिव बैंक पिरदा के प्रभारी ब्रांच मैनेजर आरएस भोई ने कहा, आरोपी किसानों के होल्ड अकाउंट बीएम शिवनाथ पटेल और यहां पदस्थ उसत प्रधान के आइडी से अनहोल्ड किया गया था। इसके बाद फंड आरटीजीएस किए गए। फिलहाल पटेल निलंबित हैं और उसत बैंक में कार्यरत हैं। उसत, आरोपी किसान संतलाल, दासरथी, निराकार के रिश्तेदार हैं।

**मांग:** कोटवार के अस्थाई पद को कर लिया स्थाई, गांव में अशांति का माहौल

# शिकारीपाली में कोटवार की दबंगई शिकायत करने कलेक्टोरेट पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




बागबाहरा ब्लाक के ग्राम शिकारीपाली के लोग ग्राम कोटवार की दबंगाई, धोखाधड़ी और मनमानी से परेशान है। बुधवार को ग्रामीण कोटवार की शिकायत करने कलेक्टोरेट पहुंचे। जहां ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बागबाहरा तहसील पहनं 09 रानिमं तेंदूकोना क्षेत्र के ग्राम शिकारीपाली में ग्राम कोटवार स्व.विश्वनाथ पिता नऊ बघेल जाति गांडा कोटवार के पद पर पदस्थ था, जिसकी 17 जुलाई 2023 को मृत्यु हो गई। कोटवार की मृत्यु के पश्चात उसके भतीजे नीरज बघेल जिसे वर्तमान में ग्राम अस्थायी कोटवार के पद पर नियुक्त किया गया है के द्वारा पूर्व कोटवार की पत्नी कुंती बघेल को तहसील कार्यालय में 5 लाख रुपए आर्थिक सहायता मिलना बताते हुए अपने नाम से कोटवार पद के आवेदन पर धोखे से हस्ताक्षर कराकर अपनी नियुक्ति करवाई गई है। चूंकि, कोटवार नीरज बघेल का आचरण सही नहीं होना जानते हुए पंचायत पदाधिकारियों द्वारा पंचायत प्रस्ताव भी उसके पक्ष में नहीं दिया गया है। इसके बाद भी ग्राम पंचायत की सहमति के बिना उसकी नियुक्ति अस्थायी कोटवार पद पर कर दी गई।

ग्राम कोटवार पद पर नियक्ति होने के बाद नीरज बघेल द्वारा पूर्व कोटवार की पत्नी को गाली-गलौज, मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया है। जब पूर्व कोटवार की पत्नी द्वारा पंचायत में बैठक बुलाई गई। और घटना की जानकारी दी। जहां ग्रामवासियों द्वारा कोटवार नीरज को मारपीट और गुंडागर्दी करने से मना किया गया। किंतु, कोटवार द्वारा अपनी मनमानी करते हुए पंचायत में ही पदाधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। उसके व्यवहार को देखते हुए सेवा भूमि को अपने नाम से दर्ज किए जाने के लिए दिए गए आवेदन पर 6 जून 2024 को ग्रामवासियों द्वारा प्रकरण में आपत्ति करते हुए सेवा भूमि और कोटवार पद पर मृतक कोटवार की पत्नी को नियुक्त किए जाने के लिए आपत्ति तहसीलदार बागबाहरा के समक्ष प्रस्तुत की गई है। उपरोक्त आपत्ति के संबंध में जब नीरज बघेल को जानकारी हुई तो उसके द्वारा ग्राम के कुछ लोगों के घर घुसकर गाली-गलौज करते हुए डराया धमकाया जा रहा है। उल्टे-सीधे कागजों पर हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। नीरज बघेल ग्राम में खुलेआम कहता फिर रहा है कि लाखों खर्च कर कोटवार बना हूं, किसी से भी शिकायत करने की धमकी ग्रामीणों को दी जा रही है।

कोटवार नीरज बघेल की दबंगई से ग्रामीण परेशान है। गांव में अशांति व्याप्त है। लोग भयभीत है। पूर्व में भी कोटवार और इसके भाई द्वारा गांव में खुलेआम तलवार लहराते हुए एक-दो लोगों को जान से मारने की कोशिश की गई थी। इस संबंध पुलिस थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों ने ग्राम में शांति व्यवस्था बना रहे और ग्राम पंचायत का सुचारू रूप से संचालन के लिए वर्तमान कोटवार नीरज बघेल व कोटवार के अस्थायी पद से हटाकर मृतक कोटवार स्व. विश्वनाथ बघेल की पत्नी कुंतु बघेल को ग्राम कोटवार के स्थायी पद पर नियुक्त किए जाने की मांग की है।

# कारागुला मेला देखने गए आदिवासी युवक पर चाकू से हमला

### एक के सिर पर चोट, दोनों गंभीर रूप से घायल

**नर्रा।** ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भीम एकादशी पर बीते सोमवार को मेला का आयोजन हुआ। मेला देखने गए युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमला होने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ युवकों से किसी बात पर कहासुनी हो गई। इस दौरान चाकू से हमला कर दिया, जिसमें एक युवक के सिर में चोट आई है। मामला कोमाखान थाना क्षेत्र के टुहलू चौकी का है। मेले में तैनात पुलिस सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची। जहां 112 पुलिस वाहन की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। वहां से रायपुर रेफर कर दिया गया। विदित हो कि इस मेले में हजारों की संख्या में भीड़ थी। मेले में कोमाखान थाना के टुहलू चौकी से आए पुलिस जवान तैनात थे। टुहलू चौकी प्रभारी मुरलीधर भोई का कहना है कि रात्रि मेले स्थल के कुछ ही दूरी यानी पंडरीपानी गांव जाने वाली मार्ग कच्ची सड़क पर मारपीट व चाकूबाजी की घटना हुई है।

**गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर चोरी**

**महासमुंद।** नगर के गौरव गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को लीलाधर ध्रुव पिता बैशाखू ध्रुव (39 साल) निवासी कोना ने बताया कि मैं भलेसर रोड में स्थित गौरव गैस एजेंसी के गोदाम में पिछले 6 महीने से चौकीदारी का काम करता हूं। गोदाम के कैंपस में ही बने कमरे में अपनी पत्नी के साथ रहता हूं। 17 जून की रात करीब 2.30 बजे कमरे के बाहर से कुछ आवाजें आ रही थी। जब मैं पता करने के लिए कमरे से बाहर निकला तो देखा कि बाउंड्रीवाल के पास दो अज्ञात व्यक्ति खड़े थे जो वहां पर खड़े गोदाम की गाड़ियों से सिलेंडर निकालकर दीवार के दूसरी ओर रख रहे थे। अंधेरे में मैं उन्हें ठीक से देख नहीं पाया। जब मैने शोर मचाया तो मेरी पत्नी भी कमरे से बाहर आ गई, हम लोगों को देखकर दोनों अज्ञात व्यक्ति दीवार कूदकर वहां से भाग गए। इसके बाद मैने गाड़ी के पास में जाकर सिलेंडरों की गिनती की तो इंडेन कंपनी के 5 भरे हुए सिलेंडर कम थे ,जिनकी कीमत लगभग 15000 रुपए है। इसकी सूचना मैने फोन के माध्यम से गैस एजेंसी के मालिक पंकज चंद्राकर को दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



**सांसद रूपकुमारी का स्वागत**

**कोमाखान।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रथम आगमन हुआ। खल्लारी विस क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोमाखान स्थित समरसता भवन के पास स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल के ग्राम बोड़रीदादर निवास भाजपा नेत्री नर्मदा हरिवल्लभ शर्मा ने मिठाई खिलाकर व शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान यहां पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, तेंदूकोना मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, कोमाखान मंडल कार्यकर्ता, पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**केदारनाथ से बागबाहरा लाया गया मृत युवक का शव**

बागबाहरा। भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर ने बागबाहरा निवासी मृत युवक हेमंत सोनवानी का शव केदारनाथ धाम से बागबाहरा पहुंचने पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवारजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया विश्व सिकलिन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल व जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर की अध्यक्षता में व बीएमओ डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह एवं आदिम जाति कल्याण विभाग से अजय माधवन की उपस्थिति में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन 19 जून बुधवार को किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष के द्वारा 5 हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में बीएमओ डॉक्टर कोसरिया ने बताया कि सिकलिन की बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो किसी भी जाति के व्यक्ति को हो सकता है। सिकलिन पॉजिटिव व्यक्ति को हमेशा खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है, जिससे वह आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। यदि किसी लड़का लड़की को सिकलिन पॉजिटिव है और उनकी शादी हो जाता है तो उनकी संतान भी सिकलिन प्रभावित होगी। इसलिए शादी के पूर्व कुंडली मिलान के साथ ही दोनों का रक्त जांच कराकर यह सुनिश्चित करें कि लड़का लड़की सिकलिन पॉजीटिव तो नहीं है।

शासन द्वारा सिकलिन पॉजिटिव व्यक्ति को दिव्यांग सर्टिफिकेट प्रदान किया जा रहा है, जिससे उन्हें दिव्यांग कोटे का समस्त लाभ जैसे सरकारी नौकरी, पढ़ाई लिखाई, राशन कार्ड इत्यादि का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से अपील करता है कि एक दिन के बच्चे से लेकर 40 वर्ष तक के व्यक्ति का सिकल सेल की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है ।

**21 जून को होगा सामूहिक योगाभ्यासः प्रदीप**

**महासमुंद।** भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को भाजपा शीर्ष संगठन द्वारा वृहद स्तर पर मनाएगी। जिला महामंत्री प्रदीप ने प्रदेश संगठन द्वारा 21 जून को योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जारी की गई दिशानिर्देश बाबत जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान उनके विशेष प्रयासों से 21 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्रसंघ के 193 सदस्य देशों के समर्थन से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। प्रदीप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून को होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर ट्वीट करते हुए कहा है कि दुनिया इस वर्ष 10वां अंतराष्ट्रीय योगदिवस मनाएगी, जो एकता और सद्भाव का समारोह मनाने वाली एक शाश्वत पद्धति है। योग ने सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार कर लिया है। और इसने समग्र कल्याण की तलाश में विश्व के लाखों लोगों को एकजुट किया है। 21 जून को योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी श्रीनगर में शामिल रहेंगे। महासमुंद जिला मुख्यालय में प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला महामंत्री प्रदीप ने 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश संगठन के आह्वान पर महासमुंद जिला में होने वाले आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी 18 मंडलों में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा सभी मंडलों में योगाभ्यास का आयोजन होगा। साथ ही भाजपा के सभी सातों मोर्चाओं के पदाधिकारियों को जिले में किसी भी एक स्थान पर योग दिवस का कार्यक्रम पृथक से मनाए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# खल्लारी विधानसभा में पुलिस व्यवस्था भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि खल्लारी विधानसभा अंतर्गत लगातार चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और अपराध नशे के बढ़ते प्रभाव के चलते बढ़ रहा है। जिसमें चाहे कोमाखान में चोरी का मामला हो, चंडी मंदिर में चोरी का मामला हो, डाक घर, दुर्गा मंदिर, नागेंद्र कौशिक के यहां चोरी, शराब की अवैध बिक्री और गांव-गांव में ठेके की वापसी, जुआ-सट्टा का बढ़ता कारोबार और तो और केस रफा दफा करने लगातार सक्रिय दलाल। ऐसे ही भोथा निवासी सेल्समैन स्व. मनोज तिवारी के तथाकथित आत्महत्या के एक मामले को लेकर अंकित बागबाहरा ने आत्महत्या के लगभग एक माह बीत जाने पश्चात और कई महत्वपूर्ण सुराग होने के बाद भी अपराधियों को सबूत खत्म करने का पर्याप्त समय दिए जाने व घर वालों के निवेदन पर पुलिस अधीक्षक महासमुंद को पत्र लिख उक्त मामले की जांच उच्चस्तरीय करवाने व जांच में तेजी लाते हुए इन बातों को जरूर शामिल करने की मांग की है। इसमें सुसाइट नोट मिलने के बाद भी आज दिनांक तक समुचित धाराएं नहीं जोड़ी गयी है। व्हाट्सअप चैट व कॉल के लिए संबंधित मेटा कंपनी से विदेश से डाटा की मांग की जाए, कॉल रेकॉर्ड निकलवा उस आधार पर गहन जांच की गई कि नहीं, मृतक के जेब व गाड़ी से सामान भी चोरी की गई उस ओर भी जांच कर कार्यवाही अपेक्षित हैं। अंकित ने बताया कि मृतक का जिन संदेह जनक परिस्थियों में मिलना पाया गया। साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार घटना स्थल पर एक से ज्यादा व्यक्ति होने की बात सामने आ रही है, उस आधार पर भी कड़ाई से जांच के ना होने से भी कई संदेह जन्म ले रहे हैं। समय बीतने के साथ कई शंकाएं कुशंकाएँ जन्म ले रही हैं, जिसका समय रहते समाधान आवश्यक है।

# राहुल गांधी के जन्म दिन पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्तमान सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मरीजों को फल वितरण कर मनाया गया। अंकित ने बताया कि राहुल गांधी ने हमेशा समावेशी विकास और सामाजिक न्याय पर जोर दिया है। वे गरीबी, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। राहुल गांधी ने कई राजनीतिक उतार-चढ़ावों का सामना किया है, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार अपनी पार्टी और देश के हित के लिए काम कर रहे हैं। लोगों से सीधा संवाद कर उनकी जमीनी हकीकत को जानना उनके प्रमुख गुणों में शामिल है। अंकित ने बताया कि उनका दृष्टिकोण हमेशा मानवता और करुणा पर आधारित रहा है। वे सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशील होते हैं और लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। हार्वर्ड और कैम्ब्रिज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षित राहुल एक ऐसे जननायक हैं, जिन्होंने पूरे भारत वर्ष की यात्रा कर सीधे आम जन से संवाद किया। उसी का परिणाम है कि वो दो लोकसभा क्षेत्र से 3 लाख से ज्यादा वोटों से जीते। उनके जन्मदिवस पर बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल व बिस्कुट वितरण कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर खेमराज सिन्हा, राजू यादव, वीरेंद्र शुक्ला, लखन बघेल, सुनील बेवहार, रिहान कोहली, अभिषेक यादव, गिरवर साहू, मनीष ठाकुर, इंद्रा चौहान आदि उपस्थित रहे।



**राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने मरीजों को बांटे फल**

**सरायपाली।** सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक ने कहा कि देश में एक तरफ नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है, उस परिस्थिति में हजारों किलोमीटर पैदल चलकर भारत जोड़ो यात्रा करने वाले नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर हमने मरीजों को फल का वितरण किया है। हम सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते है। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, पार्षद सुरेश भोई, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रामदयाल पटेल, अरमान हुसैन, केशव अग्रवाल, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान, लक्ष्मीनारायण चौहान, रोशन नाग, उमेश लोहा समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ होने से नहीं होगी समय की बर्बादी : भाऊराम**



**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों को एक साथ कराए जाने विधायक दल, सांसदों और भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में बनी सहमति का स्वागत करते हुए इसे सर्व वर्ग के हित में बताया है। साहू ने कहा कि नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव एक साथ होने से समय की बर्बादी व अनावश्यक खर्च से बचा जा सकेगा। बार-बार चुनाव कराने तथा संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू होने से विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है। महीनों तक संबंधित क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो जाता है। यदि नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ हुए तो एक ही अवधि में सारे चुनाव संपन्न होंगे तथा अतिरिक्त समय खर्च होने से बचा जा सकेगा। साहू ने आगे कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष, महापौर का चयन अब जनता अपनी पसंद से करेंगे। जनता द्वारा चुने जाने से 5 सालों तक नगरीय निकायों में स्थिर व सशक्त जनप्रतिनिधि बैठ सकेंगे। जिससे शहरों के विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगा। साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय प्रदेश में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद चुनने का अधिकार आम जनता को दिया गया था। लेकिन, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने निजी स्वार्थ के लिए महापौर चुनने का अधिकार आम जनता से वापस लेकर पार्षदों को दे दिया था।

## खबर संक्षेप



### कबीर जयंती पर सत्संग समारोह 22 को

**महासमुंद**। स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में 22 जून को बंदीछोर सतगुरु कबीर साहेब की 626वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शनिवार 22 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक संध्या पाठ, भजन एवं प्रवचन होगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कबीर निर्णय मंदिर ढेठा धमतरी के संत बलवान साहेब अपनी संत मंडली के साथ शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने कबीर पंथ के सभी अनुयायियों से सत्संग प्रवचन का लाभ लेने की अपील की है। सत्संग उपरांत दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### बसुदेवा गीत पिथौरा में 21 जून को

**महासमुंद**। भारतीय सांस्कृतिक निधि महासमुंद अध्याय द्वारा विश्व संगीत दिवस पर 21 जून शुक्रवार को अपरान्ह 3 बजे छत्तीसगढ़ की लुप्तप्राय लोक गायन विधा बसुदेव गीत पर केंद्रित व्याख्यान एवं गायन कार्यक्रम का आयोजन गायत्री मंदिर परिसर रावण भाठा पारा पिथौरा में रखा गया है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ लेखक व उपन्यासकार शिवशंकर पटनायक होंगे। जगदीश प्रसाद वासुदेव महाराज व उनके सहयोगी बसुदेव गीत प्रस्तुत करेंगे। वहीं अंचल की सुपरिचित गायिका कमला नायक की संगीतमय प्रस्तुति होगी। इस आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि लेखक व पत्रकार स्वराज करूण होंगे। अध्यक्षता गायक व संगीत कलाकार जवाहर नायक सांकरा करेंगे। विशेष अतिथि विक्रमादित्य सिंह विचारक व लेखक भोपाल व तुकाराम पटेल, प्रमुख ट्रस्टी मां गायत्री शक्तिपीठ पिथौरा होंगे। संचालन रुपेश तिवारी व उमेश दीक्षित करेंगे। मार्गदर्शी सहयोग श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा का होगा। संयोजक दाऊलाल चंद्राकर व सहसंयोजक राजेश्वर खरे ने नगर व आसपास के संगीत प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### लोकसभा निर्वाचन व्यय लेखा की जांच 30 को

**महासमुंद**। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के परिणाम की घोषणा के बाद 26वें दिन उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत चुनाव व्यय के खातों के विवरण की जांच करने के लिए 30 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 05:30 बजे तक जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 9 महासमुंद द्वारा समस्त उम्मीदवारों को व्यय लेखा निरीक्षण कराने के लिए स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से व्यय लेखा रजिस्टर मय समस्त दस्तावेज, बिल व्हाउचर्स लेकर जांच हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

## आयोजन: अतिथियों ने कार्यक्रम में दिव्यांग प्रमाण पत्र-पहचान पत्र प्रदान किए

# सिकल सेल से पीड़ित मरीजों को जारी किए जा रहे दिव्यांगता प्रमाण पत्र, मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- समन्वय और जागरुकता से सिकल सेल में कमी लायी जा सकती है: विधायक

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन विश्व दिवस पर स्वास्थ्य विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी व अध्यक्षता विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम में 13 लाभार्थियों को पहचान कार्ड और 5 हितग्राहियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया तथा सिकल सेल उन्मूलन जागरूकता रथ को हरी झंडी रिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के राष्ट्रीय प्रसारण को देखा गया। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि शासन द्वारा सिकल सेल के उन्मूलन के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। यह खुशी की बात है कि अब सिकल सेल पीड़ितों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इससे उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी सिकल सेल के मरीज है, उनका परीक्षण कर उपचार आवश्यक है। इसके लिए विकासखंड मुख्यालयों पर भी शिविर लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षण के पश्चात उनका समुचित इलाज भी आवश्यक है।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सिकल सेल एक गंभीर बीमारी है, इसके लिए हमें सजग होना पड़ेगा और समय पर इसका इलाज नियमित तौर पर कराना पड़ेगा। उन्हेंने कहा कि मैदानी अमला जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एनएएम सिकलसेल संबंधी जानकारी को परिवार के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों का उपचार किया जाए। सिन्हा ने कहा कि शासन और प्रशासन तथा जनसहयोग से सिकल सेल को मिलकर दूर करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कहा कि इस बीमारी के चिन्हांकन के पश्चात जागरूकता और काउंसिलिंग आवश्यक है। आने वाली पीढ़ी सिकल सेल से पीड़ति न हो इसलिए स्वास्थ्य विभाग समन्वय कर उपचार सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम में महासमुंद जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, संदीप दीवान, सतपाल सिंह पाली, महेंद्र जैन, प्रकाश शर्मा, त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, डीपीएम नीलू धृतलहरे एवं स्वास्थ्य, आदिवासी विकास विभाग एवं महिला बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और लाभार्थी मौजूद थे।



### जिले में 389672 लाभार्थियों का सिकल सेल जांच

इस अवसर पर कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि जिले में सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए लगातार शिविर लगाकर काउंसलिंग की जा रही है। इस वर्ष वार्षिक लक्ष्य 2,43,786 के विरूद्ध 2,80,129 उपलब्धि हासिल की है। तीन वर्ष के लिए दिए गए लक्ष्य 731359 के विरूद्ध अब तक जिला महासमुंद ने 389672 लाभार्थियों का सिकल सेल जांच कर सिकल सेल एप में प्रविष्टि की गई, जो कि तीन वर्ष के लक्ष्य के विरूद्ध 53.28 प्रतिशत उपलब्धि हॉसिल की गई है। उक्त जांच उपरांत जिले में अब तक 649 सिकल सेल के धनात्मक मरीज व 8856 सिकल सेल केरियर पाए गए। जिला प्रशासन द्वारा अब तक 649 सिकलसेल के मरीजों में से 539 को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। ग्रामस्तर एवं चिकित्सकीय संस्थान स्तर पर सिकल सेल साल्युबिलिटी जांच में धनात्मक आए गए प्रकरणों को पीओसी किट अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/जिला अस्पताल स्तर पर उपलब्ध इलेक्ट्रो फोरोसिस टेस्ट के माध्यम से अंतरिम सिकल सेल मरीजों अथवा सिकल सेल कैरियर की पुष्टी की जाती है।

# विश्व सिकल सेल दिवस में शामिल हुए सुमित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो हर साल करीब 3 लाख से अधिक बच्चे हीमोग्लोबिन रोग के गंभीर रूपों के साथ पैदा होते हैं, जिसमें थैलेसीमिया और सिकल सेल बीमारी शामिल है। सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार में परिवर्तित हो जाती हैं। जिससे स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है और रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो सकता है। हर साल दुनियाभर में 19 जून को अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विश्व सिकल सेल दिवस पर छत्तीसगढ़ में सिकल सेल जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सिकल सेल जागरुकता शिविर कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल शामिल हुए। उपस्थितजनों ने उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

उन्होंने लाभार्थियों को कार्ड वितरण करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन सिकल सेल रोग, इसके उपचार के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर में इस रोग पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त करने में सार्थक भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ नारायण साहू बीएमओ, डॉ दयानंद होता पीजीएमओ, डॉ संगीता पटेल डेंटिस्ट, डॉ डोलचंद नायक बीपीएम, पार्षद शीत गुप्ता, डेनियल पीटर, महेंद्र सिंह अरोरा, स्वास्थ्य विभाग विधायक प्रतिनिधि भावेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राधेश्याम नायक, सिद्धार्थ नायक, खीरसागर चौहान, कृष नंदे, योगेंद्र साहू, जयंत नायक सहित नगरवासी मौजूद थे।

# विधायक ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जनपद पंचायत सभागार में विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने बुधवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागों की बारी-बारी से समीक्षा की।

राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, ट्राइवल विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, खाद्य विभाग, पुलिस विभाग, बिजली विभाग आदि विभागों का क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए चर्चा की तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसके अलावा विधायक ने सरपंचों व ग्राम पंचायतों के अधूरे पड़े विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।

विधायक ने अधिकारियों से जनता के बीच विश्वास कायम रखने का निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विकास कार्यों के बारे में विधायक को अवगत कराए। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमीत अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ सनत महादेवा, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।






# सर्वर की समस्या से पीओएस मशीन स्लो

## राशन के लिए हितग्राहियों को काटना पड़ रहा है चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम पंचायत नर्रा के राशन दुकान में पिछले पांच दिनों से राशन वितरण व्यवस्था गड़बड़ा गई है। सर्वर में खराबी होने के चलते राशन के लिए हितग्राहियों को चक्कर काटना पड़ रहा है। वन नेशन वन कार्ड के तहत पीडीएस की दुकानों में पीओएस मशीन के माध्यम से उपभोक्त व हितग्राही का अंगूठा लगाकर चांवल शंकर वितरण की व्यवस्था की गई है। मगर सर्वर डाउन होने के कारण पीओएस मशीन काम नही कर रही है। इसके कारण पिछले पांच दिनों से हितग्राही राशन दुकान में राशन कार्ड निकलने बारी का इंतजार करते रहते है।

विक्रेता मिनिकेतन बरिहा का कहना है कि पिछले पांच दिनों से सर्वर की समस्या आ रही है, इस कारण राशन वितरण करने में हितग्राही को अतिरिक्त यानी घंटों समय लग रहा है। हितग्राहियों को उन्होंने बताया कि पीओएस मशीन स्लो चल रहा है। सर्वर आता जाता रहता है। जबकि, इस पंचायत में लगभग 800 राशन कार्ड हितग्राही है। विक्रेता स्वयं इस समस्या को लेकर परेशान है।



### परिसर को हरा-भरा व स्वच्छ बनाए रखने किया महाविद्यालय में पौधारोपण

**सरायपाली**। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन किया गया। महाविद्यालय के परिसर को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गइी है। महाविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारियों को दो पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन करने का दायित्व दिया गया है। मानव जाति का अस्तित्व प्रकृति के होने पर संभव है, बिना प्रकृति के मानव जाति की कल्पना नहीं की जा सकती। हमारी प्रकृति हमें जीवन जीने के लिए निःशुल्क उपहार प्रदान किया है। हमारा दायित्व है कि प्रकृति के अनमोल रत्न को सावधानीपूर्वक उपयोग करें। इसी कड़ी में पौधरोपण के लिए विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। विधानसभा के गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जामुन, कदंब और करंज पौधे रोपित किए। जिसमें से विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, पार्षद सुरेश भोई, मोहनलाल भोई, अरमान हुसैन, जयंत यादव, हन्नु अग्रवाल, दुष्यंत साहू, उमेश लोहा, टकेश गार्डिया, साहेबराम पटेल, मिलाप चौहान, विभीषण चौहान, ओमप्रकाश चौहान आदि सम्मिलित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# सिकल सेल दिवस पर स्क्रीनिंग एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत खंड चिकित्सा अधिकारी बागबाहरा डॉ. बीएस बढ़ई के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा में 19 जून बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में सिकल सेल के प्रति जागरुकता लाना। आरएचओ डिलेश्वरी परमार ने बताया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल सेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्तकण हंसिए के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी (शिराओं) में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। भूख न लगना, खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन, बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाड़ापन, तिल्ली में सूजन, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द सिकल सेल के ये लक्षण है।

आरएचओ डिगेंद्र परमार ने सिकल सेल रोग से बचने के लिए जानकारी दिया कि विवाह के पूर्व जन्म कुंडली मिलान करने से ज्यादा जरूरी सिकल सेल कुंडली का मिलान करना है। जिससे की आने वाली पीढ़ी को सिकल सेल रोग होने से बचाया जा सके। यदि किसी व्यक्ति को सिकल सेल रोग हो गया है तो घबराने की जरूरत नहीं है। व्यवहार में उचित बदलाव के साथ गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। अधिक मात्रा में पानी का सेवन करें, फाइबर एवं रेशेदार आहार लें, तेल और वसायुक्त, मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करें, अधिक प्रोटीनयुक्त आहार ले, नियमित योग करें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराए। लोगों से अपील की है कि अगर आपने अपनी सिकल सेल की जांच नहीं कराई है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर सिकल सेल की जांच जरूर कराएं। सिकल सेल जांच एवं परामर्श सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। शिविर में नर्रा के सरपंच गोपाल किशन पटेल द्वारा हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड वितरण किया है। शिविर में मितानिन माधुरी बेलदार, अमोतीन पटेल, संतोषी पटेल, सावित्री विश्वकर्मा, हेमलता साहू के सहयोग से कुल 137 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया, जिसमें से 9 लोगों का धनात्मक परिणाम आया है।

# बारातियों का स्वागत रात्रि 8 बजे तक, अघरिया समाज के क्षेत्रीय अधिवेशन में लिया निर्णय

**महासमुंद**। अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद का वार्षिक अधिवेशन, बाल सभा, भूमिपूजन एव सम्मान समारोह शंकराचार्य भवन महासमुंद में हुआ। यह कार्यक्रम नवनिर्वाचित सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा के अतिविशिष्ट आतिथ्य तथा अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल की अध्यक्षता एवं नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, अघरिया समाज केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गेसमोती पटेल, कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, महासचिव दीनदयाल पटेल, अंचल प्रभारी लोकनाथ नायक, संयोजक महासमुंद हीराराम पटेल, होरीलाल पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, संदीप दीवान, सरपंच रूपलाल पटेल, टीकाराम पटेल, चंद्रशेखर पटेल, धरम पटेल, गणेश नायक, लक्ष्मण पटेल, क्षेत्र अध्यक्ष परस राम पटेल, महिला संयोजिका पद्मा पटेल के विशिष्ट आतिथ्य तथा क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमसागर पटेल, कोषाध्यक्ष जीतराम पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि जय राम पटेल, युवा संयोजक प्रीतम पटेल के विशेष उपस्थिति में हुआ।

सचिव देवानंद पटेल द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी गई। अधिवेशन के प्रमुख मुद्दे प्रीवेडिंग शूट, वैवाहिक कार्यक्रम में जूता चोरी प्रथा, समय पर बारात पहुंचने जैसे सामाजिक विषयों पर विचार आमंत्रित किए गए। विचार मंथन पश्चात बाल सभा में उपस्थित समस्त स्वजातीय बंधुओं द्वारा महासमुंद क्षेत्र में प्री वेडिंग शूट पर प्रतिबंध, वैवाहिक कार्यक्रम में जूता चोरी प्रथा पर प्रतिबंध तथा बारातियों का स्वागत रात्रि 8 बजे तक ही करने का प्रस्ताव ध्वनिमत से ताली बजाकर पारित किया गया। भोजन के पश्चात कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मचेवा में समाज को आबंटित भूखंड में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विधि विधान से भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के 24 एवं 12वी के 7 मेधावी छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय इकाई महासमुंद द्वारा मोमेंटों एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ नीट परीक्षा 2023 में छग में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सारांश पटेल को भी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। भूखंड में एक-एक कक्ष निर्माण कर समाज को सहयोग प्रदान करने वाले परमेश्वर पटेल, रामेश्वर पटेल (तेंदुवाही), गुलाब पटेल, देवनारायण पटेल, भागवत पटेल (छिलपावन), नरेंद्र नायक, ऋषि पटेल, देवनारायण पटेल, सागर चौधरी (महासमुंद), रेवती रमन पटेल (कोलपदर), टेकलाल नर्मदा (मधुबन), थलेंद्र पटेल (नरसिंगपुर), शोभाराम पटेल (डुमरपाली), गजानंद पटेल (छपोराडीह), लालमेन पटेल (गोंगल) कुल 14 दानदाताओं को मोमेंटों एवं साल श्रीफल से सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि सांसद रुपकुमारी ने कहा कि समाज के भवन निर्माण के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए बतौर सांसद के साथ ही व्यक्तिगत सहयोग भी हमेशा रहेगा। अतिविशिष्ट अतिथि विधायक सिन्हा ने अघरिया समाज के कर्म कुशलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समाज के स्नेह से में अभिभूत हूं। आप लोग मुझे छोटे से छोटे कार्यक्रम में बुलाओगे तो भी आऊंगा। उन्होंने सामाजिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से दस लाख रुपए देने की घोषणा की। केंद्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल ने भव्य कार्यक्रम के लिए महासमुंद इकाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि बाल सभा के प्रस्ताव पर केंद्रीय स्तर पर भी विचार किया जाएगा। क्षेत्रीय सभा के लिए समय देने पर सांसद एवं विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके संरक्षण तथा स्नेह सहयोग से सभी सामाजिक कार्य पूर्ण होंगे। नगर पालिका परिषद महासमुंद के अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने अघरिया समाज के सामाजिक गतिविधियों क्रियाकलापों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हरसंभव सहयोग देने की बात कही। केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गेसमोती पटेल, कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, महासचिव दीन दयाल पटेल ने भी अपने विचार रखे।

चैनसिंह, छविंद्र, डिगेश्वर, अजय, जागेश्वर, हेमचंद, कांशीराम, मनोहर, बृजमोहन, विनोद, नारायण, रूपलाल, भोजराम, गौकरण पटेल, प्रेमलाल पटेल, धरम पटेल, बोटलाल पटेल, खेमराज चौधरी, नरेंद्र नायक, लखन पटेल, गेंदलाल नायक, नारायण पटेल, शंकर पटेल, राजेंद्र पटेल, लक्ष्मी पटेल, मीना नायक, जशोमती पटेल, यमुना सत्यभामा चौधरी, नवीन कश्यप, धनकुंवर पटेल, सरस्वती पटेल, दीपा पटेल, कमला पटेल, गीता पटेल, मोहिनी चौधरी, पोनिका पटेल, राधिका पटेल, फगुलाल पटेल, वृंदावन पटेल, ऋषि पटेल, सागर पटेल, चंद्रहास कश्यप, नीलेश पटेल, विष्णु पटेल, देव पटेल, सुरेंद्र चौधरी, खगेश्वर पटेल, भोजराम पटेल, अरुण पटेल, गणेश नायक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। संचालन नारायण चौधरी प्रवक्ता ने किया।

//आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खल्लारी, प.ह.नं. 03, रा. नि. मं. खल्लारी, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद में चिन्तुराम साहू एवं जेठूराम साहू पिता सहदेव साहू, मीराबाई के शामिलात नाम पर खसरा नं. 879, 953, 873, 934, 881, रकबा 0.03, 0.04, 0.06, 0.18, 0.93 हेक्टर भूमि एवं ग्राम भीमखोज प.ह.नं. 14, रा. नि. मं. खल्लारी, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद में खसरा नं. 85, 86, 110, 140, कुल रकबा 0.37 हेक्टर भूमि स्थित है। उक्त भूमि के संबंध में श्रीमान आयुक्त रायपुर के समक्ष प्रकरण लंबित है। मीराबाई एवं कुछ व्यक्तियों के द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिये उक्त संपत्ति को विक्रय करना चाह रहे है अतः हम आम जनता को इस सूचना के जरिये ताकीद करते है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त संपत्ति को क्रय न करें यदि क्रय करता है अथवा क्रय करने का सौदा करता है, तो वह अवैध होगा एवं प्रारंभ से शून्य माना जावेगा।

सूचना जाने। दिनांक 19/06/2024

**शैलेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता**
**वास्ते चिन्तुराम साहू एवं जेठूराम साहू**

